

## एक नजर में



### डांडिया नी रात 2025 का भूमिपूजन

**उज्जैन ।** सामाजिक न्याय परिसर, आगर रोड, उज्जैन में बुधवार 10 सितम्बर को शाम 5.30 बजे डांडिया नी रात-2025% कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के गादीपति गुरुदेव महंत विनीत गिरी महाराज और उज्जैन-आलोट संसदीय-क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया की धर्मपत्नी संध्या अनिल फिरोजिया ने किया। कार्यक्रम का आयोजन स्व. भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्थान की ओर से किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि आगामी शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक सामाजिक न्याय परिसर, आगर रोड पर गरबा नाइट्स का भव्य आयोजन होगा। इस दस दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव में शहर के हजारों गरबा प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है, जहां पारंपरिक एवं आधुनिक संगीत पर गरबा-डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। यह प्रशिक्षण वर्तमान में मनोरमा गार्डन, उज्जैन में प्रसिद्ध गरबा प्रशिक्षक कीर्ति काले ललावत एवं कुलदीप ललावत के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। भूमिपूजन समारोह के अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया की मित्र मंडली, सामाजिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियां एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। संस्थान के प्रतिनिधियों ने अपील की है कि शहर के गरबा प्रेमी इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और शारदीय नवरात्रि का उल्लास एवं सांस्कृतिक परंपराओं का आनंद लें।

### 2,000 ग्रामीण महिलाओं प्रशिक्षण देंगे

**उज्जैन ।** समावेशी विकास और घरेलू सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पेप्सिको इंडिया ने एफआईसीएसआई (फूड इंडस्ट्री कैपेसिटी एंड स्किल इनिशिएटिव) के सहयोग से मध्य प्रदेश में रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। पेप्सिको इंडिया की पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस फिलॉसफी से जुड़ा यह उपक्रम राज्य के पांच जिलों सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल और सतना की 2,000 ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाने का लक्ष्य रखता है। कार्यक्रम के उद्घाटन में ग्राम प्रधान दीपक कुमार पांडेय और रोजगार सहायक रमेश कुमार शाह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल क्षेत्र की महिलाओं के लिए सतत कृषि और आत्मनिर्भर आजीविका को और आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। भारत सरकार के मिलेट की खेती और खपत को बढ़ावा देने पर केंद्रित प्रयासों के अनुरूप, यह संरचित कार्यक्रम मिलेट प्रोसेसिंग के लिए भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने में योगदान देगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप महत्वपूर्ण कौशल प्रदान किए जाएंगे और उन्हें एफआईसीएसआई द्वारा मिलेट प्रोडक्ट्स प्रोसेसर के रूप में प्रमाणपत्र मिलेगा। प्रशिक्षण में सुरक्षित खाद्य संचालन, स्वच्छता, उत्पाद विकास और उद्यमिता जैसी क्षमताओं को शामिल किया गया है। जिससे महिलाएं मिलेट प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन की प्रमुख योगदानकर्ता बन सकेंगी। रोजगार योग्यता कौशल को बढ़ाना और मिलेट-आधारित बेक्ड व एक्सट्रूडेड प्रोडक्ट्स का उत्पादन करना शामिल है। जिससे शिक्षार्थी बदलते हुए फूड इंडस्ट्री परिदृश्य में सफल हो सकें।



### 9वीं के 10 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित

**उज्जैन ।** शासकीय हाई स्कूल आमला में कक्षा 9वीं के 10 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। साइकिल प्रभारी अनुसूया राणा ने बताया सरपंच नंदकिशोर यादव के आतिथ्य में विद्यालय में 7 छात्र एवं 3 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल सोनकुसरे ने शासन की महती योजनाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य द्वारा सरपंच का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। ग्राम सरपंच ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की एवं अच्छी पढ़ाई करने एवं सावधानीपूर्वक साइकिल चलाने की हिदायत दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहा। आभार संस्था के उपप्राचार्य राजेंद्र राणा ने माना।

### नागरी दिवस पर आज होगी संगोष्ठी

**उज्जैन ।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना, नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली इकाई मध्यप्रदेश एवं हिंदी परिवार इंदौर, इकाई उज्जैन के सहयोग से नागरी लिपि परिषद के संस्थापक आचार्य विनोबा भावे के जन्मदिवस को नागरी दिवस के रुप में मनाया जाता है। आज 11 सितंबर को विश्व सन्यासी, मुखर वक्ता स्वामी विवेकानंदजी द्वारा शिकागो अमेरिका में दिया गया ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ एवं नागरी दिवस पर, वरिष्ठ आचार्य डॉ जगदीशचंद्र शर्मा हिंदी विभाग, सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन को आचार्य विनोबा भावे नागरी लिपि सेवा सम्मान एवं वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली के स्व. डॉ शहाबुद्दीन शेख की स्मृति में पांच हजार रुपये की सम्मान निधि अतिथियों द्वारा प्रदान की जायेगी। आयोजन प्रेस क्लब सभागार कोठी रोड में शाम 4 बजे आयोजित किया जा रहा है। नागरी लिपि परिषद के प्रदेश संयोजक डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि गोपाल बघेल टोरंटो कनाडा वरिष्ठ साहित्यकार कवि एवं विशिष्ट अतिथि त्रिपुरारीलाल शर्मा अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद मालवा प्रांत तथा अध्यक्षता बृजकिशोर शर्मा शिक्षाविद एवं संरक्षक उज्जैन होंगे। मुख्य वक्ता डॉ शैलेंद्रकुमार शर्मा अध्यक्ष हिंदी विभाग सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन एवं सारस्वत अतिथि डॉ रश्मि चौबे गाजियाबाद वरिष्ठ नागरी लिपि परिषद सदस्य होंगे। विशिष्ट वक्ता राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता एवं सचिव मध्य प्रदेश लेखक संघ डॉ. हरीशकुमार सिंह होंगे। समारोह के स्वागत अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार भार्गव पूर्व आइएएस तथा प्रदेश अध्यक्ष नागरी लिपि परिषद मध्यप्रदेश और संचालक वरिष्ठ कवयित्री डॉ. सीमा देवेन्द्र होंगी। आयोजक में डॉ. अरुणा सर्राफ राष्ट्रीय सचिव, रंजना पांचाल प्रदेश सचिव, गरिमा प्रपंन्न प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश सचिव श्याम लाल चौधरी आदि उपस्थित रहेंगे।

### स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन ।** मध्यप्रदेश के परिवहन और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार देर शाम महाकाल दर्शन किये। उन्होंने गर्भ गृह के बाहर से खड़े होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके बाद नंदी हाल में बैठकर ध्यान लगाया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी एवं सहायक प्रशासक गिरिश तिवारी ने उनका द्वारा सम्मान किया।

# बेगमबाग में आज फिर उठेगा धूल का गुबार, 5 मकान हुए सूची में शुमार

## बेगम बाग में आज बड़ी कार्रवाई, सुबह 8 बजे चलेगा बुलडोजर, यूडीए लेगा आधिपत्य, प्रभावित विभिन्न कोर्ट गए, राहत नहीं मिलने पर स्टे हो रहे खारिज

**उज्जैन। बारिश का दौर थमते ही विकास प्राधिकरण एक बार फिर बुलडोजर लेकर आज बेगम बाग कॉलोनी में पहुंचेगा। खास बात यह है कि जो प्रभावित विभिन्न कोर्ट की शरण में गए थे। वहां से उन्हें राहत नहीं मिली, साथ ही स्टे भी खारिज धीरे-धीरे हो रहे हैं। विकास प्राधिकरण मकान पर आधिपत्य लेने के लिए मकानो को जमीदोंज करके अपना बोर्ड चस्पा कर रहा है।**





महाकाल मंदिर मार्ग पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने की मुहिम के तहत विकास प्राधिकरण (यूडीए) आज गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। बेगम बाग क्षेत्र में पांच मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। इस दौरान प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और यूडीए की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रहेगी।



कार्रवाई के बाद मकान का आधिपत्य लेकर विकास प्राधिकरण अपने स्वामित्व का बोर्ड भी चस्पा करेगा। सीईओ संदीप सोनी ने कहा अवैध कब्जों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जहां भी कोर्ट से स्टे खत्म होगा, वहां बुलडोजर चलेगा। इधर प्रभावित परिवारों को कहना है कि हमारे ना तो अवैध निर्माण है ना अतिक्रमण है हमने विकास प्राधिकरण से यह संपत्तियां खरीदी थी। बावजूद उनकी लीज निरस्त कर दी गई ऐसे में हमें अतिक्रमणकारियों और अवैध निर्माणकर्ता ना बताया जाए।यूडीए की कार्रवाई सुबह 8 बजे से शुरू होगी। जिला प्रशासन, पुलिस बल और नगर निगम के अधिकारी बड़ी संख्या में मौके पर रहेंगे। महाकाल थाना टीआई गगन बादल और उनकी टीम भी मौके पर मौजूद रहेगी साथ ही अन्य थानों का बल भी पहुंचेगा। जिन मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई होनी है, उन्हें पूर्व में अवगत कराया गया था। कई लोगों ने अपने घर और होटल से सामान पहले ही हटा लिया है। कुछ मालिकों ने तो खुद ही अपनी दुकानें और होटल ढहाना शुरू कर दिया था।

### 28 मकानों की लीज निरस्त

यूडीए ने पहले ही बेगम बाग कॉलोनी के 28 मकानों की लीज निरस्त कर दी थी। जांच में पाया गया कि आवासीय प्लॉट पर नियम विरुद्ध तरीके से मकान बनाए गए और कई मकानों को होटल व व्यवसायिक प्रतिष्ठान में बदलकर कारोबार चलाया जा रहा था। विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने नियम उल्लंघन करने वाले मकान मालिकों को नोटिस जारी किए थे। कई लोग कोर्ट गए, लेकिन किसी को स्थायी राहत नहीं मिली। जैसे-जैसे स्टे आदेश समाप्त हो रहे हैं, वैसे-वैसे यूडीए लगातार कार्रवाई कर रहा है।

### डंपर जेसीबी पोकलेन लगाएंगे

नगर निगम के जेसीबी, डंपर, पोकलेन, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि संसाधन लगाए जाएंगे। पिछली बार चार मकानों पर एक साथ जेसीबी लगाई गई थी वैसा ही प्रयोग इस बार भी किया जा सकता है ताकि काम जल्द हो सके। सुरक्षा कारणों से महाकाल मंदिर जाने वाले मार्ग को कुछ घंटों के लिए डायवर्ट किया जाएगा। श्रद्धालु वैकल्पिक मार्ग से दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे।

# आरक्षक आरती को दी ससम्मान अंतिम विदाई

## आईजी एसपी पहुंचे चक्रतीर्थ, पिता बोले बेटी नहीं बेटा थी आरती





**उज्जैन। शिप्रा नदी में गिरी पुलिस कर्मियों की कार में सवार आरक्षक आरती पाल का शव 65 घंटे बाद मंगलवार शाम खोज लिया गया था। बुधवार सुबह चक्रवर्ती पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। आईजी-एसपी श्रद्धांजलि देने चक्रवर्ती पहुंचे थे। इस दौरान पिता ने कहा कि आरती बेटी नहीं बेटा।**



शनिवार रात 8.55 बजे जूना सोमवारिया से बड़नगर रोड पर जा रही वाइट अमेजन कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 7292 बड़े पुल से शिप्रा नदी में गिर गई थी। घटना के पांच घंटे बाद पता चला था कार में उन्हेल टीआई अशोक शर्मा, एसआई मदनलाल निनामा और आरक्षक आरती पाल थे। इसके एनडीआरफ और एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्चिंग कर रही थी। 65 घंटे बाद मंगलवार शाम आरक्षक आरती पाल का शव नदी से खोज निकाला गया। आरती की बॉडी कार में ही फंसी हुई थी। जिसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद बुधवार सुबह चक्रवर्ती पर राजकीय सम्मान के साथ आरती को अंतिम विदाई दी गई। आरती मूल रूप से रतलाम की रहने वाली थी लेकिन पिता अशोक पाल ने उज्जैन में ही अंतिम संस्कार की इच्छा जाहिर की थी। पुलिस विभाग की ओर से परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया और आज सुबह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को पूरा कराया गया। इस दौरान आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस के जवान मौजूद थे। दुखद हादसे में आरक्षक आरती पाल के साथ उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एसआई मदनलाल निनामा का भी निधन हुआ था। थाना प्रभारी शव रविवार सुबह मिला था। वही एसआई मदनलाल निनामा का शव सोमवार को बरामद हुआ था। दिवंगत मदन लाल निनामा रतलाम स्थित सैलाना के रहने वाले थे जिनका अंतिम संस्कार सैलाना में किया गया था।



### बालिका की तलाश में निकले थे तीनों

शनिवार शाम को उन्हेल थाना प्रभारी, एसआई और आरक्षक उन्हेल कस्बे से लापता हुई 14 साल की बालिका को तलाशने के लिए निकले थे। बालिका की लोकेशन चिंतामण क्षेत्र की होना सामने आई थी। तीनों पुलिसकर्मी आरक्षक आरती पाल की कार में सवार होकर जूना सोमवारिया से बड़े पुल होते हुए चिंतामण की ओर जा रहे थे। इस दौरान बड़े पुल पल पर हादसा हो गया। ड्यूटी के दौरान तीनों पुलिसकर्मी का निधन होने पर उन्हें शहीद का सम्मान दिया गया है।

### इसलिए लगे 65 घंटे

एनडीआरफ इंस्पेक्टर मीणा होमगार्ड कमांडेंट जाट और गोताखोर विशाल ने बताया कि शनिवार से सोमवार तक नदी का पानी काफी चढ़ा हुआ था व उसका प्रवाह तेज था। इसलिए घटनास्थल के पास सूक्ष्मता से जांच नहीं कर पाए थे और 8 किलोमीटर के दायरे में कार और आरक्षक को तलाशते रहे। नदी में जल स्तर और पूर्व का वेग कम होने के कारण पुलिस अधीक्षक शर्मा के आदेश पर पुन: सर्चिंग की तो गोताखोर और टीम की मेहनत रंग लाई और कार का सुराग मिल गया।

# भाजपा नगर ने किया नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत



**उज्जैन। भाजपा नगर द्वारा नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी पदाधिकारियों को दुपट्टा व मला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों का स्वागत किया।**

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। यह नई टीम संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले की कार्यकारिणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही राष्ट्र हितैषी योजनाओं और अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि संगठन में जिम्मेदारी सेवा का अवसर है, पदाधिकारी सेवा भाव से कार्य कर संगठन को सशक्त बनाएं। निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण ही भाजपा की ताकत है। नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के स्वागत सम्मान कार्यक्रम को महापौर मुकेश टटवाल, पारस जैन, जगदीश अग्रवाल, वीरेंद्र कावड़िय, ओम जैन, अशोक प्रजापत, रूप पमनानी, रवि सोलंकी ने भी संबोधित कर बधाई प्रेषित की । स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल व निगम सभापति कलावती यादव के साथ महाकाल के दर्शन किए। कार्यक्रम का संचालन मुकेश यादव ने किया।

नवनियुक्त जिला पदाधिकारी इस प्रकार हैं-उपाध्यक्ष, उमेशसिंह सेंगर, कल्याण शिवहरे, सोनल जोशी, अशोक कैथवास, शैलेन्द्र शर्मा, महामंत्री आनंदसिंह खिंची, जगदीश पांचाल, कमल बैरवा, मंत्री सुभाष डोडिया, विजय चौधरी, जितेन्द्र कृपलानी, प्रेमलता बैण्डवाल, कांता विश्वकर्मा, वर्षा कछवाय, विजय दीक्षित, पवन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, कार्यालय मंत्री अनिल शिंदे को बनाया गया। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

## बोलसा के समीप हादसे में दो बच्चों के पिता की गई जान

**उज्जैन ।** बाइक से सुबह काम पर जाने के लिए निकल दो बच्चों के पिता की हादसे में जान चली गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास मिले दस्तावेजों से पहचान की गई। देवास रोड ग्राम बोलासा के समीप बुधवार सुबह बाइक पर सवार एक युवक सड़क से नीचे खेत किनारे घायल हालत में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना नरवर थाना पुलिस को दी। ग्रामीणों से पूछताछ करने और उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान मनोज पिता कैलाश सोलंकी निवासी पिपलोदा द्वारकाधीश के रूप में हुई। परिजनों के आने पर सामने आया कि मनोज पंथ पिपलाई में खेत पर हाली का काम करता था। घटनास्थल पर जांच के दौरान पुलिस के सामने है कि मनोज की बाइक का नियंत्रित हो गई थी और वह हादसे का शिकार हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

## हाई कोर्ट के आदेश पर महिला अभिभाषक के खिलाफ केस

**उज्जैन ।** कोर्ट परिसर में 7 माह पहले हुए विवाद में हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को महिला अभिभाषक और उसकी असिस्टेंट के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूर्व में महिला अभिभाषक भी प्रकरण दर्ज करा चुकी थी। माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर अभिभाषक अजय गुप्ता की असिस्टेंट शबनम की शिकायत पर महिला अभिभाषक रीति कटारिया और उनकी असिस्टेंट हिमांशी के खिलाफ 10 फरवरी को कोर्ट परिसर में हुए विवाद के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। विदित हो कि 10 फरवरी को हुए विवाद के बाद अभिभाषक रिति कटारिया निवासी हीरामिल की चाल ने अभिभाषक अजय गुप्ता, शबनम और विद्या के खिलाफ माधवनगर थाने में मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कराया था। रीति कटारिया का कहना था कि केसर बाग में रहने वाली निलोफर कुरैशी के पारिवारिक मामले में वह पैरवी कर रही थी। जिसको लेकर उन्हें पैरवी करने से रोका गया था, इसी बात पर विवाद हुआ था।

**मंदिर निर्माण जांच** तीन दिन तक उज्जैन में रहेंगे, शिखर से लेकर खंभों तक की जांच

# महाकाल मंदिर के निर्माण कार्यों की मजबूती जांचने रुड़की से आई विशेषज्ञों की टीम

नवभारत न्यूज

**उज्जैन ।** महाकाल मंदिर में पुराने व नए निर्माण की मजबूती जांचने के लिए विशेषज्ञों का दल बुधवार को उज्जैन पहुंचा। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की की यह टीम तीन दिनों तक उज्जैन में ही रहकर जांच-पड़ताल करेगी। टीम जांच पूरी कर रिपोर्ट विभाग व प्रशासन को सौंपेंगी। मंदिर में पुराने निर्माण तो प्राचीन समय के हैं। लेकिन अभी जो निर्माण हुए है वे आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए समिति ने कराए है। मंदिर में कई बड़े निर्माण कार्य समिति ने विभिन्न एजेंसियों से करए है जो लगभग पूरे हो चुके हैं। कुछ एक कार्य चल रहे हैं। इनमें समिति ने करोड़ों रुपए खर्च किए है। इनकी मजबूती की जांच करना जरूरी है। इसलिए टीम आई हुई है।



### इसके पहले 2024 में आई थी टीम, समिति ने ही बुलाया



टीम ने इसके पहले साल 2024 में 15 अक्टूबर को महाकाल मंदिर में निरीक्षण करने आ चुकी है। इस बार भी मंदिर प्रशासन ने ही टीम को निरीक्षण के लिए पत्र लिखा था, जिसके बाद यह टीम उज्जैन पहुंची। समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि टीम पुराने व नए सभी निर्माण की मजबूती की बारिकी से जांच कर रिपोर्ट देगी। जांच में टीम ने मंदिर के शिखर से लेकर जमीन तक के हिस्से को शामिल किया है। यहां लगाए गए पुराने व नए सभी प्रकार के पत्थरों की स्थिति, उनके घनत्व, निर्माण में इस्तेमाल हुई सामग्री, नींव की गहराई और नए निर्माण के प्रभाव जैसे बिंदुओं की जांच शामिल किया गया है। टीम के लोग 5 सालों से मंदिर में हुए निर्माण की जांच करते आ रहे हैं।

### महाकाल में उमा-सांझी की तैयारी, 17 सितंबर से शुरू होगा महोत्सव



महाकाल मंदिर में उमा-सांझी महोत्सव की तैयारियां चल रही है। 17 से 23 सितंबर तक महोत्सव चलेगा। मंदिर के सभामंडप में उमा माता की रंगोली व झांकियां सजाई जाएगी तो शाम को परिसर में मंच से कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। समिति के पीआरओ आशीष पालवाडिया ने बताया स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला, श्लोक पाठ, रंगोली, भाषण आदि की प्रतियोगिताएं रखेंगे। 21 सितंबर की रात को परंपरागत मंडली द्वारा रात 11 से सुबह 4 बजे तक उमा माता का जागरण किया जाएगा। इसमें सुंदरकांड व भजनों की प्रस्तुति दी जाती है। 22 सितंबर को कन्या भोज के साथ महोत्सव का समापन हो जाएगा। 23 सितंबर की शाम 4 बजे मंदिर प्रांगण से उमा माता की सवारी निकलेगी।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**